सत्यमेव जयते

झारखण्ड गजट

असाधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

7 कार्तिक, 1947 (श०)

संख्या – 483 राँची, बुधवार, 29 अक्टूबर, 2025 (ई०)

नगर विकास एवं आवास विभाग

अधिसूचना

16 अक्टूबर, 2025

विषयः नगरपालिका निर्वाचन (आम) में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण निर्धारण हेतु Dedicated Commission (पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, झारखण्ड) से प्राप्त अनुशंसा एवं पिछड़े वर्गों के आरक्षण का प्रतिशतता निर्धारण तथा झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 में संशोधन की स्वीकृति के संबंध में।

.....

संचिका सं०-08/चुनाव-02/2025 न0वि0आ0-3416--झारखण्ड राज्य के निम्नांकित 48 नगरपालिकाओं (नगर निगम/नगर परिषद वर्ग-क/नगर परिषद वर्ग-ख/नगर पंचायत) में निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है :

नगर निगम (कुल–09)	नगर परिषद् वर्ग–क (कुल–01)	नगर परिषद् वर्ग–ख (कुल–19)	नगर पंचायत (कुल–19)
1.देवघर नगर निगम। 2.धनबाद नगर निगम। 3.चास नगर निगम। 4.मेदिनीनगर नगर निगम। 5.हजारीबाग नगर निगम। 6.गिरिडीह नगर निगम। 7.राँची नगर निगम। 8.आदित्यपुर नगर निगम। 9. मानगो नगर निगम।	1.रामगढ़ नगर परिषद (वर्ग-क)।	1.विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग–ख)। 2.झुमरीतिलैया नगर परिषद (वर्ग–ख)। 3.चक्रधरपुर नगर परिषद (वर्ग–ख)। 4.गढ़वा नगर परिषद (वर्ग–ख)। 5.चतरा नगर परिषद (वर्ग–ख)। 6.मधुपुर नगर परिषद (वर्ग–ख)। 7.गोड्डा नगर परिषद (वर्ग–ख)। 8.साहेबगंज नगर परिषद (वर्ग–ख)। 9.पाकुड़ नगर परिषद (वर्ग–ख)। 10.दुमका नगर परिषद (वर्ग–ख)। 11.मिहिजाम नगर परिषद (वर्ग–ख)। 12.चिरकुण्डा नगर परिषद (वर्ग–ख)। 13.फुसरो नगर परिषद (वर्ग–ख)। 14.लोहरदगा नगर परिषद (वर्ग–ख)। 15.गुमला नगर परिषद (वर्ग–ख), 16.सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)। 17.चाईबासा नगर परिषद (वर्ग–ख)। 18.कपाली नगर परिषद (वर्ग–ख)। 19.जुगसलाई नगर परिषद (वर्ग–ख)।	1.श्रीबंशीधरनगर नगर पंचायत। 2.हुसैनाबाद नगर पंचायत। 3.छतरपुर नगर पंचायत। 4.लातेहार नगर पंचायत। 5.डोमचांच नगर पंचायत। 6.बरहरवा नगर पंचायत। 7.राजमहल नगर पंचायत। 8.बासुकीनाथ नगर पंचायत। 9.जामताड़ा नगर पंचायत। 10.खूँटी नगर पंचायत। 11.बुण्डू नगर पंचायत। 12.सरायकेला नगर पंचायत। 13.मंझिआंव नगर पंचायत। 14.कोडरमा नगर पंचायत। 15.हरिहरगंज नगर पंचायत। 16.बड़की सरैया नगर पंचायत। 17.धनवार नगर पंचायत। 18.महागामा नगर पंचायत। 19.चाकुलिया नगर पंचायत।

उक्त आलोक में मई, 2020 में समाप्त हो रहे 8 नगरपालिकाओं यथा–देवघर नगर निगम, धनबाद नगर निगम, चास नगर निगम, विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग–ख), झुमरीतिलैया नगर परिषद (वर्ग–ख), चक्रधरपुर नगर परिषद (वर्ग–ख), मंझिआंव नगर पंचायत एवं कोडरमा नगर पंचायत तथा नवगठित 4 नगरपालिकाओं यथा–हरिहरगंज नगर पंचायत, बड़की सरैया नगर पंचायत, धनवार नगर पंचायत एवं महागामा नगर पंचायत में नगरपालिका निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई परन्तु कोविड–19 के दृष्टिगत आम निर्वाचन सम्पन्न नहीं कराया जा सका। कई निकायों में अप्रैल, 2023 में कार्यकाल समाप्त हो चुका है। फलस्वरूप वर्तमान में पहली बार एक साथ राज्यान्तर्गत सभी 48 नगरपालिकाओं में नगरपालिका निर्वाचन का कार्य सम्पन्न कराया जाना है।

भारत के संविधान के अनुच्छेद–243T, झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा–16 एवं 27 तथा झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए परिषद (वार्ड पार्षद्) तथा महापौर अथवा अध्यक्ष के लिए क्रमशः स्थान तथा पद का आरक्षण कुल मिलाकर पचास प्रतिशत की अधिसीमा के अंदर होगी। नियमावली के प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों/पदों के आरक्षण के पश्चात शेष बचे स्थानों/पदों में पचास प्रतिशत की अधिसीमा के अंतर्गत शेष स्थानों/पदों को पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित किये जाने का प्रावधान है।

2. इस क्रम में Writ Petition (Civil) no. 980 of 2019 विकास कृष्णराव गवली बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक-04.03.2021 को निम्न न्यायादेश पारित किया गया:–

Be that as it may, it is indisputable that the triple test/conditions required to be complied by the State before reserving seats in the local bodies for OBCs has not been done so far. To wit, (1) to set up a dedicated Commission to conduct contemporaneous rigorous empirical inquiry into the nature and implications of the backwardness qua local bodies, within the State; (2) to specify the proportion of reservation required to be provisioned local body wise in light of recommendations of the Commission, so as not to fall foul of overbreadth; and (3) in any case

such reservation shall not exceed aggregate of 50 per cent of the total seats reserved in favour of SCs/STs/OBCs taken together. In a given local body, the space for providing such reservation in favour of OBCs may be available at the time of issuing election programme (notifications). However, that could be notified only upon fulfilling the aforementioned pre-conditions. Admittedly, the first step of establishing dedicated Commission to undertake rigorous empirical inquiry itself remains a mirage. Differently, it will not be open to respondents to justify the put it reservation for OBCs without fulfilling the triple test, referred to above.

पारित न्याय–निर्णय के आलोक एवं अनुपालन में राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता की समीक्षा करने के उद्देश्यों हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड की अधिसूचना सं०–2508 दिनांक–04.07.2023 द्वारा 'पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग' को Dedicated Commission के रूप में अधिसूचित किया गया।

3. (i) माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय ने W.P.(C) No- 2290 of 2023 में दिनांक 04.01.2024 को पारित आदेश द्वारा निम्न निर्देश दिया गया हैः–

"23. The Government cannot sit over the recommendation of the State Election Commission and throttle the voice of the people. In fact, the process of election should have started much before the term of sitting members came to an end. Thus, immediately on receipt of the recommendation of the State Election Commission, State Government will issue necessary notifications for holding such election in relation to Municipal Corporation, Municipalities and Nagar Panchayats in the State of Jharkhand within four weeks.

24. So far as reservation of OBC seats are concerned, the same will be governed by the judgment of the Hon'ble Supreme Court rendered in the case of Suresh Mahajan (Supra.)"

(ii) यह भी कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने W.P.(C) NO-239 of 2022 में दिनांक 04.05.2022 के आदेश द्वारा झारखंड राज्य में ''भविष्य'' के चुनाव, यानी उस समय चल रहे पंचायत चुनाव के बाद होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव, जो कि रिट याचिका का विषय था, ट्रिपल टेस्ट के परिणामों के आधार पर, पिछड़े वर्गों के आरक्षण के सम्बन्ध में यथास्थिति निर्णय के साथ आयोजित करेगा।

(iii) राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या–3615 दिनांक-17.10.2022 द्वारा नगर निकाय चुनावों में पिछड़े वर्ग को अनारक्षित श्रेणी के रूप में मानने का निर्णय लिया गया था। राज्य सरकार के इस निर्णय के विरुद्ध अवमानना याचिका (सिविल) संख्या 705/2022 दायर की गई। अवमानना याचिका (सिविल) संख्या 705/2022 में अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप राज्य मंत्रिमंडल ने अपनी दिनांक–15.03.2023 की बैठक में मद संख्या–15 के रूप में, अधिसूचना संख्या–3615 दिनांक–17.10.2022 को वापस लेने का निर्णय लिया।

(iv) इसी क्रम में, राज्य मंत्रिमंडल ने अपनी दिनांक–26.06.2023 की बैठक में मद संख्या–14 के रूप में, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को अधिसूचित करने का निर्णय लिया ताकि वह W.P.(C) No- 980 of 2019 (Bikash Krishnarao Gawali V/s. State of Maharashtra) में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा परिकल्पित Dedicate Commission के रूप में कार्य करे और ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया पूरी करे, और इसे अधिसूचना संख्या–2508 दिनांक–04.07.2023 के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(v) राज्य मंत्रिपरिषद् के संज्ञान में यह तथ्य है कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय ने अपने दिनांक–04.01.2024 के आदेश में सर्वोच्च न्यायलय द्वारा सुरेश महाजन बनाम मध्य प्रदेश राज्य (2022)

12 SCC 770 में दिनांक–10.05.2022 को दिए गए निर्णय को आधार बनाया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने इस आदेश को दिनांक–18.05.2022 के आदेश द्वारा आंशिक रूप से संशोधित किया गया था, जिसमें निम्नलिखित टिप्पणी की थी **:-**

> *"We also permit the State of Madhya Pradesh to notify the reservation pattern local body wise as delineated in the Reports of the dedicated Commission, to be adhered to by the State Election Commission. That be done within one week from today. The State Election Commission shall issue election programme in respect of concerned local bodies thereafter within one week. The directions given in order dated 10-05-2022 stand modified to the above extent. We reiterate that steps taken by all concerned will be subject to the outcome of this petition as already noted in the earlier order. This application is disposed of accordingly."*

(vi) माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दिनांक 18.05.2022 के आदेश द्वारा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अपनाई गई "ट्रिपल टेस्ट" प्रक्रिया को स्वीकार कर लिया था, और अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान करने के लिए "ट्रिपल टेस्ट" की रिपोर्ट के आधार पर चुनाव कराने की अनुमति दी गयी थी।

(vii) यह कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने State: of Uttar Pradesh V/s. Vaibhav Pandey (SLP No- 128 of 2023) में निम्न आदेश दिए हैं:-

> *"7. The above direction of the High Court, which mandates the holding of elections to local bodies in Uttar Pradesh without reserving seats for Backward Classes of citizens will result in a violation of the constitutional and statutory requirements of reservation for the OBCs- Democratization of municipalities under Article 243T and the duty to provide representation are not at competing values. Prima facie, the high court is not correct in prioritising one over the other and directing the holding of elections without the provision of representation for the Backward Classes. Democratising the municipalities and true representation in the composition of the municipalities under Article 243T are both constitutional mandates. When a constitutional court is called upon to review the decisions of the State in this context, it must ensure that both these values are given full effect so that truly representative and vibrant local bodies contemplated under Part IXA of the Constitution are realised."*

(viii) राज्य सरकार द्वारा झारखंड विधान मंडल को इस आशय का आश्वासन भी दिया गया है कि राज्य सरकार नगर निकाय चुनाव पिछड़े वर्गों के आरक्षण के साथ कराये जाने हेतु कृतसंकल्प है।

4. Dedicated Commission द्वारा मध्य प्रदेश एवं बिहार राज्य के भ्रमण एवं दोनों राज्यों द्वारा अपनायी गई प्रक्रिया का अध्ययन करने के उपरान्त आयोग द्वारा झारखण्ड राज्य में भी डोर–टू–डोर सर्वे का निर्णय लिया गया तथा मतदाता सूची को आधार बनाते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्तों के माध्यम से Rigorous Door to Door Survey कराया गया।

आंकड़ों की सत्यता जाँचने के लिए एवं पिछड़े वर्ग के लोगों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक स्थिति के आकलन के लिए आयोग की टीम द्वारा विभिन्न जिलों एवं उसमें अवस्थित नगर निकायों का परिभ्रमण किया। आयोग की टीम विभिन्न जिलों में जाकर वहाँ के प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक

कर उनके साथ एकत्र किए गए आंकड़ों एवं उनके जिलों एवं नगर निकायों में रहने वाले पिछड़े वर्ग के लोगों की वास्तविक स्थिति पर विचार विमर्श किया गया।

उक्त आधार पर पिछड़े वर्गों (अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग) की जनसंख्या अवधारित की गई। आयोग द्वारा Door to Door Survey में प्राप्त पिछड़ा वर्ग मतदाताओं के अनुपात को आधार मानकर सभी वार्डो एवं शहरी निकायों के लिए पिछड़ा वर्ग अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग–I एवं पिछड़ा वर्ग–II की जनसंख्या का निर्धारण वर्ष 2011 की जनगणना के आकड़ों के सापेक्ष किया गया है।

5. Dedicated Commission के रूप में अधिसूचित 'पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग' के पत्रांक–484/पि0, दिनांक–03.10.2025 द्वारा Triple Test प्रक्रिया के उपरांत राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता हेतु उपलब्ध करायी गई अनुशंसा निम्नवत् हैः–

अध्याय–9

(वर्ष 2011 के संदर्भ में अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या)

01. आयोग द्वारा उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से नगर निकायों के पिछड़े वर्गों (अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग) की जनसंख्या अवधारित करने के उदेश्य से वर्ष 2024-25 में डोर–टू–डोर सर्वे करवाया गया। सर्वे के दौरान मतदाता सूची को डोर–टू–डोर सर्वे का आधार बनाया गया।

02. झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के अध्याय 3 के 16(2) क में प्रावधान है कि "प्रत्येक नगरपालिका में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए इस प्रकार आरक्षित स्थानों का अनुपात उस नगरपालिका में प्रत्यक्ष निर्वाचनों द्वारा भरे जाने वाले स्थानों की कुल संख्या में यथाशक्ति निकटतम उसी अनुपात में होगा जो उस नगरपालिका क्षेत्र में अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या का उस क्षेत्र की कुल जनसंख्या से है।"

साथ ही उक्त अधिनियम के अध्याय–1 की कंडिका 2(79) में 'जनसंख्या' को परिभाषित किया गया है, जिसमे जनसंख्या से अभिप्रेत है पिछली जनगणना जिसके सुसंगत आंकड़े प्रकाशित कर दिये गए हों।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद–243 P(g) में भी ''जनसंख्या'' को परिभाषित किया गया है कि "population" means the population as ascertained at the last preceding census of which the relevant figures have been published.

03. देश में अंतिम जनगणना 2011 में सम्पन्न हुई है। उक्त जनगणना 2011 के प्रकाशित आंकड़ों में में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के आंकड़ों को शामिल किया गया किन्तु पिछड़े वर्गों की जनसंख्या के आंकड़े शामिल नहीं हैं।

अतः माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश तथा संविधान एवं अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के तहत् निर्वाचन संपन्न कराने हेतु पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या का आकलन, जनगणना 2011 के संदर्भ में किया जाना आवश्यक है।

04. आयोग द्वारा वर्तमान में डोर–टू–डोर सर्वे में प्राप्त पिछड़ा वर्ग मतदाताओं के अनुपात को आधार मानकर सभी वार्डों और शहरी निकाय (ULB's) के लिए पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का निर्धारण 2011 की जनगणना के आँकड़ों से किया गया है।

उदाहरणतः फुसरो नगर परिषद के वार्ड–1 के लिए 2011 के संदर्भ में जनसंख्या का निर्धारण निम्नवत हैं:–

फुसरो नगर परिषद में डोर–टू–डोर सर्वे (वर्ष 2024-25) में प्राप्त आकड़े						
क्र0	वार्ड क्र0	कुल मतदाता की संख्या	BC I के मतदाताओं की कुल संख्या	BC II के मतदाताओं की कुल संख्या	BC I के मतदाताओं की कुल प्रतिशत	BC II के मतदाताओं की कुल प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
1	**1**	**1515**	**343**	**47**	**22.64**	**3.10**

उक्त तालिका में से स्तम्भ 6 एवं 7 का अत्यंत पिछड़ा वर्ग (BC I) एवं पिछड़ा वर्ग (BC II) का प्रतिशत लेकर वर्ष 2011 की जनगणना में उस वार्ड की जनसंख्या के आकड़े के आधार पर वर्ष 2011 में अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का अनुमानित आकड़ा निम्नवत प्राप्त किया गया है।

गत निर्वाचन में वार्ड में कुल जनसंख्या	**BC I** की जनसंख्या	**BC II** की जनसंख्या	**BC** की जनसंख्या	**BC I %**	**BC II %**	**BC %**
1	***2***	***3***	***4***	***5***	***6***	***7***
3330	स्तम्भ 1 का 22.64% =754	स्तम्भ 1 का 3.10% =103	स्तम्भ 2+3 =857	स्तम्भ (2/1)*100 =22.64	स्तम्भ (3/1)*100 =3.10	स्तम्भ (4/1)*100 =25.74

नोटः गत निर्वाचन में वर्ष 2011 की जनगणना में प्राप्त जनसंख्या के आकड़े को आधार बनाया गया है।

05. सभी नगर निकायों के निकायवार (तालिका 01) एवं वार्डवार आकड़े प्रतिवेदन के साथ प्रथम प्रतिवेदन के भाग–2 में दर्शाए गए हैं।

अध्याय–10

(आयोग की अनुशंसा)

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय विकास कृष्णराव गवली विरूद्ध महाराष्ट्र राज्य केस में यह व्यवस्था दी है कि कोई भी राज्य ट्रिपल टेस्ट की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही स्थानीय निकायों के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान कर सकता है।

आयोग भारत के संविधान में पूर्ण आस्था रखता है तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय का पूरा सम्मान करता है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित ट्रिपल टेस्ट प्रावधान निम्नलिखित हैः–

(क) ट्रिपल टेस्ट के पहले प्रावधान में उल्लेख है राज्य सरकार को एक आयोग बनाना होगा जो समसामयिक और अनुभवजन्य तरीके से अन्य पिछड़े वर्ग के पिछड़ेपन के स्वरूप/प्रकृति और उसके निहितार्थ (कारणों) का अध्ययन/जाँच करें।

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड, सरकार के पत्र संख्या–08/चुनाव 01/2023 न0 वि0 आ0-2508 दिनांक–04.07.23) द्वारा पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग अधिनियम, 2002 के तहत गठित 'पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग' को Dedicated Commission के रूप में अधिसूचित किया गया है।

आयोग ने पिछड़ा वर्ग की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक व राजनैतिक स्थिति के अध्ययन व अनुभवजन्य आंकड़ों (Emperical Data) के माध्यम से सामाजिक यथार्थताओं की वैज्ञानिक विधि से जाँच पड़ताल की है एवं अपने शोध व अनुसंधान द्वारा प्राथमिक आंकड़ों का शुद्धता के साथ विश्लेषण किया है। इस प्रकार ट्रिपल टेस्ट के प्रथम बिन्दु की पूर्ति होती है।

(ख) ट्रिपल टेस्ट के दूसरे प्रावधान में उल्लेख है कि सरकार द्वारा निकायवार आरक्षण का जो प्रावधान किया जाए वह आयोग की अनुशंसा पर हो, अर्थात् आयोग आरक्षण का अनुपात तय करेगा।

(ग) ट्रिपल टेस्ट के तीसरे प्रावधान में उल्लेख है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 50 प्रतिशत सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए।

आयोग उक्त के पालन में निम्नलिखित सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए निकायवार आरक्षण की निम्नवत सिफारिश करता हैः-

01. राज्य में पिछड़े वर्गों के राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर आयोग नगर निकाय अंतर्गत वार्ड पार्षद चुनाव में पिछड़े वर्गों को (अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग को पृथक-पृथक) संबंधित नगर निकाय में उनकी जनसंख्या प्रतिशत के आधार पर आरक्षण प्रदान करने की अनुशंसा करती है। नगरपालिकाओं नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायत के लिए निकायवार आरक्षण का प्रतिशत इस अध्याय के क्रमशः तालिका 10.1, तालिका 10.2 एवं तालिका 10.3 में दर्शाया गया है।

02. नगरपालिकाओं यथा नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायत में महापौर/अध्यक्ष पद के लिए BC I एवं BC II का आरक्षण उन नगरपालिकाओं यथा नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायतों में BC I एवं BC II के समेकित जनसंख्या प्रतिशत के आधार पर किया जाएगा। नगरपालिकावार महापौर/अध्यक्ष पद के लिए BC I एवं BC II का आरक्षण प्रतिशत तालिका 10.4 में दर्शाया गया है।

03. आरक्षण किए जाने की प्रक्रिया में सर्वप्रथम SC एवं ST को आरक्षण देने के पश्चात 50 प्रतिशत की अधिसीमा के अंतर्गत अवशेष बचे पदों/स्थान में BC I एवं BC II का आरक्षण उनकी जनसंख्या के समानुपात में निर्धारित किया जाएगा।

04. उक्त प्रावधान से अनारक्षित वर्ग के लिए उपलब्ध पदों में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

05. आयोग की टीम द्वारा क्षेत्र परिभ्रमण में सरायकेला नगर पंचायत वार्ड नंबर 10 (एसटी के लिए आरक्षित) के अंतर्गत पाया कि इस वार्ड में अनुसूचित जनजाति वर्ग का मात्र एक ही नौकरीशुदा परिवार निवास करता है। इसके कारण गत दो नगर निकाय चुनाव में इस वार्ड के लिए कोई भी पार्षद निर्वाचित नहीं हुआ है एवं सीट खाली रही है। इसी प्रकार रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 28 में भी BC II का एक भी परिवार नहीं है। उक्त के आलोक में आयोग यह भी अनुसंशा करती है कि ऐसे वार्ड को उस वर्ग के लिए आरक्षित न किया जाय जिस वर्ग की जनसंख्या उस वार्ड में 1 प्रतिशत से भी कम हो।

तालिका–10.1
नगर निगम वार्ड पार्षद चुनाव के आरक्षण का प्रतिशत

क्र0	नगर निगम का नाम	BC I %	BC II %	BC %
1	2	3	4	5
1	धनबाद नगर निगम	37.51	13.03	50.55
2	आदित्यपुर नगर निगम	29.14	3.60	32.74
3	चास नगर निगम	33.90	18.64	52.55
4	हजारीबाग नगर निगम	39.58	13.26	52.84
5	मेदनीनगर, नगर निगम	31.37	14.82	46.18
6	मानगो नगर निगम	32.95	6.55	39.49
7	गिरिडीह नगर निगम	47.96	17.28	65.24
8	राँची नगर निगम	17.78	7.11	24.88
9	देवघर नगर निगम	24.07	23.43	47.50

तालिका–10.2
नगर परिषद वार्ड पार्षद चुनाव के आरक्षण का प्रतिशत

क्र0	नगर परिषद का नाम	BC I %	BC II %	BC %
1	**2**	**3**	**4**	**5**
1	चिरकुण्डा नगर परिषद	39.66	13.37	53.04
2	गुमला नगर परिषद्	25.27	17.91	43.17
3	लोहरदगा नगर परिषद	40.75	16.30	57.05
4	सिमडेगा नगर परिषद	20.95	19.64	40.59
5	गोड्डा नगर परिषद	53.62	13.10	66.72
6	साहेबगंज नगर परिषद्	50.97	19.89	70.85
7	चतरा नगर परिषद	44.58	28.30	72.88
8	दुमका नगर परिषद	33.78	25.90	59.68
9	पाकुड़ नगर परिषद	42.14	20.33	62.47
10	कपाली नगर परिषद	59.75	0.16	59.91
11	रामगढ़ नगर परिषद	37.13	11.41	48.54
12	फुसरो नगर परिषद्	36.47	12.94	49.41
13	झुमरीतिलैया नगर परिषद्	29.45	29.57	59.02
14	महिजाम नगर परिषद्	35.21	18.75	53.96
15	बिश्रामपुर, नगर परिषद	46.62	12.15	58.77
16	जुगसलाई नगर परिषद	38.17	18.36	56.53
17	चक्रधरपुर नगर परिषद	37.17	5.69	42.86
18	चाईबासा नगर परिषद्	41.79	11.88	53.67
19	गढ़वा नगर परिषद	33.80	30.20	64.00
20	मधुपुर नगर परिषद	56.78	14.83	71.61

तालिका–10.3 नगर पंचायत वार्ड पार्षद चुनाव के आरक्षण का प्रतिशत				
क्र0	नगर पंचायत का नाम	**BC I %**	**BC II %**	**BC %**
1	**2**	**3**	**4**	**5**
1	महागामा नगर पंचायत	45.65	23.29	68.94
2	लातेहार नगर पंचायत	33.50	16.46	49.96
3	खूंटी नगर पंचायत	30.20	12.34	42.54
4	राजमहल नगर पंचायत	72.55	8.91	81.46
5	बरहरवा नगर पंचायत	55.74	26.98	82.72
6	बासुकीनाथ नगर पंचायत	49.74	13.28	63.03
7	सरायकेला नगर पंचायत	32.69	9.04	41.73
8	कोडरमा नगर पंचायत	29.72	29.77	59.49
9	डोमचांच नगर पंचायत	42.60	34.34	76.94
10	जामताडा नगर पंचायत	35.68	21.47	57.14
11	हुसैनाबाद नगर पंचायत	46.35	14.15	60.50
12	छतरपुर नगर पंचायत	44.52	21.27	65.78
13	हरिहरगंज नगर पंचायत	40.16	23.09	63.25
14	चाकुलिया नगर पंचायत	31.69	28.71	60.40
15	धनवार नगर पंचायत	43.61	36.02	79.62
16	बड़की सरैया नगर पंचायत	37.78	30.10	67.88
17	श्री वंशीधर नगर पंचायत	36.09	19.46	55.54
18	मझिआँव नगर पंचायत	46.24	9.35	55.59
19	बुण्डू नगर पंचायत	32.54	28.22	60.77

तालिका–10.4 महापौर/अध्यक्ष पद क लिए **BC I** एवं **BC II** का आरक्षण प्रतिशत				
क्रमांक	स्थानीय निकाय	**BCI%**	**BC I I%**	**BC%**
1	नगर निगम	30.26	11.51	41.77
2	नगर परिषद्	39.94	17.03	56.97
3	नगर पंचायत	41.20	21.09	62.29

06. वर्त्तमान में राँची तथा धनबाद नगर निगम की जनसंख्या (2011 की जनगणना के आधार पर) क्रमशः 10,73,427 तथा 11,62,472 है। शेष नगर निगमों की जनसंख्या निम्नवत हैः–

क्र०	नगर निगम	जनसंख्या (2011 की जनगणना के आधार पर)
1	गिरिडीह नगर निगम	1,81,632
2	हजारीबाग नगर निगम	1,97,466
3	चास नगर निगम	1,56,888
4	देवघर नगर निगम	2,03,123
5	मानगो नगर निगम	2,23,805
6	आदित्यपुर नगर निगम	1,74,355
7	मेदिनीनगर नगर निगम	1,58,941

झारखण्ड की नगरीय जनसंख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि होने के कारण बड़ी नगरपालिकाओं का नगर प्रबंधन पृथक रूप से किये जाने की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में नगर निगमों को प्रतिनिधित्व के दृष्टिकोण से भी अलग–अलग दो वर्गों यथा–नगर निगम वर्ग 'क' एवं नगर निगम वर्ग 'ख' में रखे जाने की भी आवश्यकता है।

7. उक्त आलोक में सम्यक विचारोपरांत राज्य सरकार द्वारा निम्नांकित निर्णय लिया जाता हैः–

(I) नगरपालिका आम निर्वाचन हेतु पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग (Dedicated Commission) से प्राप्त अनुशंसा (प्रथम एवं द्वितीय प्रतिवेदन) को स्वीकृत किया जाता है।

(II) झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा–16 एवं 27 तथा एतद् नियमावली, 2012 के नियम 5 एवं 6 के अधीन स्थानों एवं पदों के संबंध में जिला दण्डाधिकारी/राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा किए जाने वाले आरक्षण एवं आवंटन की कार्रवाई करते समय पिछड़ा वर्ग को अत्यंत पिछड़ा वर्ग– I एवं पिछड़ा वर्ग–II के संबंध में पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग से प्राप्त अनुशंसा के दृष्टिगत आरक्षण एवं आवंटन की कार्रवाई की जाएगी।

(III) अधिनियम की धारा–16 (2) (घ) (स्पष्टीकरण) एवं धारा–27(2)(च) (स्पष्टीकरण) के अधीन आसन्न नगरपालिका निर्वाचन को प्रथम आम निर्वाचन मानते हुए आरक्षण एवं आवंटन तथा महिला आरक्षण के लिए आरक्षण के आवंटन में चक्रानुक्रम की कार्रवाई की जाएगी। तत्पश्चात् कालान्तर में आवंटन की अवधारणा क्रमशः द्वितीय, तृतीय..... आम निर्वाचन के रूप में की जा सकेगी। तद्नुसार सभी नगरपालिकाओं में नाम–निर्देशन से लेकर अन्यान्य निर्वाचन की सभी प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

(IV) पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग से नगरपालिका में पिछड़े वर्गों (अत्यंत पिछड़ा वर्ग–। एवं पिछड़ा वर्ग–॥) के डोर–टू–डोर सर्वे के माध्यम से मतदाता की जनसंख्या एवं प्रतिशतता प्राप्त हुआ है। चूँकि वर्त्तमान में राज्य में पिछड़े वर्गों के वास्तविक जनगणना के आंकड़ें उपलब्ध नहीं है।

अतएव पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग से प्राप्त संबंधित नगर निकाय में उनकी जनसंख्या के आधार पर वार्ड पार्षद् चुनाव हेतु अत्यंत पिछड़ा वर्ग–। एवं पिछड़ा वर्ग–॥ के लिए सीटों के आरक्षण एवं आवंटन का निर्धारण किया जाएगा तथा राज्य अन्तर्गत सभी शहरी स्थानीय निकायों के समेकित जनसंख्या के आधार पर अत्यंत पिछड़ा वर्ग–। एवं पिछड़ा वर्ग–॥ के लिए महापौर/अध्यक्ष चुनाव हेतु सीटों के आरक्षण एवं आवंटन निर्धारित किया जाएगा।

(V) महिला सीटों को आरक्षित एवं आवंटित किए जाने में झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के सुसंगत प्रावधानों का अनुपालन किया जाएगा।

8. झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 (यथा संशोधित) के नियम–2 के उप नियम–5 के पश्चात् उप नियम–5(क) एवं 5(ख) निम्नरूपेण अंतःस्थापित किया जाता हैः–

5(क) 'पिछड़ा वर्ग' से अभिप्रेत है अत्यंत पिछड़ा वर्ग–। एवं पिछड़ा वर्ग–॥

5(ख) 'पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या' से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा अत्यंत पिछड़ा वर्ग–। एवं पिछड़ा वर्ग–॥ की इस हेतु अभिनिश्चित जनसंख्या।

9. झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 (यथा संशोधित) के नियम–3(1)(ग) (iii), नियम–5 एवं नियम–6 को निम्नरूप से प्रतिस्थापित किया जाता हैः–

नियम–3(1)(ग) (iii) – **नगर निगम में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का गठनः–**

क्र०	नगर निगम की जनसंख्या	प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या
1	नगर निगम वर्ग–ख जहाँ जनसंख्या 1,50,000 एवं उससे अधिक हो परंतु 10,00,000 से कम हो।	(i) प्रथम 150000 की जनसंख्या पर वार्डो की न्यूनतम संख्या-35 होगी। इसके पश्चात प्रत्येक 50000 की जनसंख्या पर 1 (एक) अतिरिक्त प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (वार्ड) का गठन हो सकेगा। (ii) कंडिका (i) में विभक्त किये गये वार्डो की संख्या कुल जनसंख्या के आधार पर निर्धारित की जायेगी, अर्थात् प्रत्येक 50000 की जनसंख्या वृद्धि सभी वार्डो में समान रूप से विभक्त होगी, यथा 150000 की जनसंख्या के पश्चात् कुल जनसंख्या में 50000 की वृद्धि के फलस्वरूप कुल जनसंख्या 150000+ 50000=200000 होने पर उक्त नगर निगम क्षेत्र में 1 (एक) अतिरिक्त (35+1=36) वार्ड का गठन होगा तथा तदनुसार प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या 200000÷ 36=6944 होनी चाहिए। (iii) वार्डो को प्राकृतिक/कृत्रिम चिन्हों/ वस्तु-स्थलों (Land Marks) के आलोक में विभक्त करने के क्रम में यथा सम्भव कंडिका (i) एवं (ii) के अनुसार जनसंख्या की समरूपता बनाये रखने का प्रयास किया जाना चाहिए, लेकिन अगर ऐसा सम्भव न हो तो 5 प्रतिशत की वृद्धि या कमी अनुमान्य होगा।
2	नगर निगम वर्ग–क जहाँ जनसंख्या 10,00,000 एवं उससे अधिक हो।	(i) प्रथम 150000 की जनसंख्या पर वार्डो की न्यूनतम संख्या–35 होगी। इसके पश्चात प्रत्येक 50000 की जनसंख्या पर 1 (एक) अतिरिक्त प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (वार्ड) का गठन हो सकेगा। (ii) कंडिका (i) में विभक्त किये गये वार्डो की संख्या कुल जनसंख्या के आधार पर निर्धारित की जायेगी, अर्थात् प्रत्येक 50000 की जनसंख्या वृद्धि सभी वार्डो में समान रूप से विभक्त होगी, यथा 150000 की जनसंख्या के पश्चात् कुल जनसंख्या में 50000 की वृद्धि के फलस्वरूप कुल जनसंख्या 150000+50000=200000 होने पर उक्त नगर निगम क्षेत्र में 1 (एक) अतिरिक्त (35+1=36) वार्ड का गठन होगा तथा तदनुसार प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या 200000÷36=6944 होनी चाहिए। (iii) वार्डो को प्राकृतिक/कृत्रिम चिन्हों/वस्तु–स्थलों (Land Marks) के आलोक में विभक्त करने के क्रम में यथा सम्भव कंडिका (i) एवं (ii) के अनुसार जनसंख्या की समरूपता बनाये रखने का प्रयास किया जाना चाहिए, लेकिन अगर ऐसा सम्भव न हो तो 5 प्रतिशत की वृद्धि या कमी अनुमान्य होगा।

स्पष्टीकरण – प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या के निर्धारण में गणना के निमित्त गणना में आधे या आधे से कम भाग को शून्य माना जाएगा तथा आधे से अधिक भाग को एक माना जाएगा।"

नियम-5. प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए स्थानों का आरक्षण एवं आवंटन-

(1) प्रत्येक नगरपालिका में पार्षद के स्थानों के निर्वाचन के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-। एवं पिछड़ा वर्ग- ॥ तथा महिलाओं के लिए, अनुमान्य संख्या में स्थानों का आरक्षण एवं आवंटन अधिनियम की धारा-16(2) के अधीन राज्य निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण में जिला दण्डाधिकारी द्वारा निम्न प्रकार किया जाएगा:-

(क) प्रत्येक नगरपालिका के लिए सर्वप्रथम प्रत्येक कोटि के लिए आरक्षित किए जाने वाले स्थानों की संख्या की गणना प्रपत्र-2 के भाग-एक में अधिनियम की धारा-16 (2) के प्रावधानों के अधीन अंकित की जाएगी।

(i) इसमें सर्वप्रथम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को उनकी जनसंख्या का नगरपालिका की कुल जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण हेतु अनुमान्य स्थानों की संख्या निर्धारित की जाएगी।

(ii) अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के स्थानों के आरक्षण के पश्चात् प्रत्येक नगरपालिका में कुल स्थानों के पचास प्रतिशत की अधिसीमा के अन्तर्गत शेष बचे स्थानों में पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II को उनकी जनसंख्या के अनुपात में पचास प्रतिशत की अधिसीमा में अनुमान्य स्थानों की संख्या निम्नवत् निर्धारित की जाएगी:-

(a) अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II के लिए आरक्षण किए जाने की प्रक्रिया में सर्वप्रथम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को आरक्षण देने के पश्चात् 50 प्रतिशत की अधिसीमा के अंतर्गत रहते हुए अवशेष स्थानों में अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II का आरक्षण उनकी जनसंख्या के समानुपात में अवधारित किया जाएगा।

(b) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को आरक्षण प्रदान किए जाने के उपरान्त सर्वप्रथम अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I को उनकी जनसंख्या के अनुपात में पचास प्रतिशत की अधिसीमा में अनुमान्य स्थानों की संख्या निर्धारित की जाएगी।

(c) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I को आरक्षण प्रदान किए जाने के उपरान्त पिछड़ा वर्ग-II को उनकी जनसंख्या के अनुपात में पचास प्रतिशत की अधिसीमा में अनुमान्य स्थानों की संख्या निर्धारित की जाएगी।

(iii) उप नियम (ii) के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II के लिए आरक्षित स्थानों के पश्चात् शेष बचे स्थान अन्य कोटि के लिए अवधारित हो जाएंगे।

(टिप्पणी-उपाबद्ध अनुसूची में उदाहरण-1 देखें।)

(ख) प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की जनसंख्या में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II तथा अन्य की कोटिवार जनसंख्या प्रपत्र-2 के भाग-दो में क्रमवार अंकित की जाएगी।

(ग) तत्पश्चात् प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II तथा अन्य की जनसंख्या के अनुसार प्रपत्र-2 के भाग-तीन में जनसंख्या के अवरोही क्रम में सजाया जाएगा। अवरोही क्रम में सजाने के क्रम में समान अथवा शून्य जनसंख्या वाले प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र को क्रमवार सजाया जाएगा।

अधिकतम जनसंख्या वाले प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र, प्रपत्र-2 के भाग-एक में निर्धारित की गई अनुमान्य संख्या में चक्रानुक्रम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II तथा अन्य के लिए, जैसा भी मामला हो, प्रपत्र-2 के भाग-तीन में आरक्षित एवं आवंटित किए जाएगें।

उक्त आरक्षण एवं आवंटन में वही प्रक्रिया अपनाई जाएगी जो उपाबद्ध अनुसूची के उदाहरण-1 मार्गदर्शन के लिए अंकित की गई है। (टिप्पणी-उपाबद्ध अनुसूची में उदाहरण-1 देखें।)

(घ) (i) उप नियम (ग) में इस प्रकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-। एवं पिछड़ा वर्ग- ॥ के लिये आरक्षित एवं अन्य के लिए अवधारित स्थानों में से यथाशक्य पचास प्रतिशत किन्तु इससे अनधिक स्थान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-। एवं पिछड़ा वर्ग- ॥ तथा अन्य जैसा भी मामला हो, की महिलाओं के लिए आवंटित किए जाएंगे।

(ii) इस प्रकार प्रत्येक कोटि के लिए आवंटित स्थानों में से यथाशक्य पचास प्रतिशत किन्तु इससे अनधिक स्थान उसी कोटि की महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाएंगे। प्रत्येक कोटि की जनसंख्या के अवरोही क्रम में सामान्यतः प्रथम स्थान पर आने वाले और उसके बाद चक्रानुक्रम में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र को उस कोटि की महिलाओं के लिए इस प्रकार आवंटित किया जाएगा कि महिलाओं को पचास प्रतिशत से अनधिक तक स्थान आरक्षित एवं आवंटित हो जाए।

(ङ) इस प्रकार आरक्षित/अनारक्षित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का विवरण प्रपत्र-2 के भाग-चार में तैयार किया जाएगा।

(2) (क) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-। एवं पिछड़ा वर्ग- ॥ तथा अन्य के लिए स्थानों का आरक्षण एवं आवंटन/अवधारण अनुवर्ती आम चुनावों में चक्रानुक्रम में लागू होगा।

(ख) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-। एवं पिछड़ा वर्ग- ॥ तथा अन्य कोटियों में महिलाओं के लिए आरक्षित एवं आवंटित स्थान अनुवर्ती आम चुनावों में चक्रानुक्रम में आरक्षित/आवंटित किए जाएंगे।

(ग) झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के प्रावधानों के अन्तर्गत 50 प्रतिशत की अधिसीमा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग-। एवं पिछड़ा वर्ग- ॥ को सीटें आवंटित किया जाएगा।

(घ) झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के प्रावधानों के अन्तर्गत सर्वप्रथम 50 प्रतिशत की अधिसीमा में वार्ड की सीटें जनसंख्या के अवरोही क्रम में रखते हुए अनुसूचित जाति की अधिकतम जनसंख्या वाले वार्ड की सीटें अनुमान्यता के आलोक में अनुसूचित जाति को आवंटित किया जाएगा।

(ङ) अनुसूचित जाति को सीटें आरक्षित किए जाने के पश्चात् 50 प्रतिशत की अधिसीमा में वार्ड की सीटें जनसंख्या के अवरोही क्रम में रखते हुए अनुसूचित जनजाति की अधिकतम जनसंख्या वाले वार्ड की सीटें अनुमान्यता के आलोक में अनुसूचित जनजाति को आवंटित किया जाएगा। परंतु यह कि उक्त सीट यदि पूर्व में अनुसूचित जाति को आवंटित कर दी गई है तो उसे छोड़कर उसके नीचे अधिकतम जनसंख्या वाले वार्ड के अनुमान्य सीटें अनुसूचित जनजाति को आवंटित किया जाएगा।

(च) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को सीटें आरक्षित किए जाने के पश्चात् 50 प्रतिशत की अधिसीमा के अन्तर्गत उपर्युक्त नियम-5(1)(क)(ii) के अलोक में परिगणित सीटें वार्ड को जनसंख्या के अवरोही क्रम में रखते हुए अत्यंत पिछड़ा वर्ग-। की अधिकतम जनसंख्या वाले वार्ड की सीटें अनुमान्यता के आलोक में अत्यंत पिछड़ा वर्ग-। को आवंटित किया जाएगा। परंतु यह कि उक्त सीट यदि पूर्व में अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति को आवंटित कर दी गई है तो उसे छोड़कर उसके ठीक नीचे अधिकतम जनसंख्या वाले वार्ड के अनुमान्य सीटें अत्यंत पिछड़ा वर्ग-। को आवंटित किया जाएगा।

(छ) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I को सीटें आवंटित किए जाने के पश्चात् 50 प्रतिशत की अधिसीमा के अन्तर्गत उपर्युक्त नियम-5(1)(क)(ii) के अलोक में परिगणित सीटें वार्ड को जनसंख्या के अवरोही क्रम में रखते हुए पिछड़ा वर्ग-II की अधिकतम जनसंख्या वाले वार्ड की सीटें अनुमान्यता के आलोक में पिछड़ा वर्ग- II को आवंटित किया जाएगा। परंतु यह कि उक्त सीट यदि पूर्व में अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति अथवा अत्यंत पिछड़ा वर्ग-प् को आवंटित कर दी गई है तो उसे छोड़कर उसके ठीक नीचे अधिकतम जनसंख्या वाले वार्ड के अनुमान्य सीटें पिछड़ा वर्ग- II को आवंटित किया जाएगा।

(3) परंतु यह कि उपर्युक्त पद्धति से आरक्षण एवं आवंटन निर्धारित किए जाने के क्रम में ऐसा कोई वार्ड जो किसी ऐसे कोटि को आवंटित किया गया हो जहाँ उस कोटि की जनसंख्या का प्रतिशत उस वार्ड की कुल जनसंख्या के 1 प्रतिशत से कम हो तो ऐसे वार्ड को अनारक्षित कोटि में रखा जाएगा।

नियम-6. निर्वाचन क्षेत्रों (नगरपालिकाओं) के पदों का आरक्षण एवं आवंटन -

(1) अधिनियम की धारा 27 के अधीन नगरपालिका (नगर निगम वर्ग-क एवं वर्ग-ख, नगर परिषद एवं नगर पंचायत) के महापौर/अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II तथा महिलाओं के लिए अनुमान्य संख्या में पदों का आरक्षण एवं आवंटन राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी:-

(क) राज्य के सभी निर्वाचन क्षेत्रों (नगरपालिकाओं) को नगर निगम वर्ग-क एवं वर्ग-ख, नगर परिषद एवं नगर पंचायत के तीन अलग-अलग श्रेणियों में माना जाएगा।

राज्य में निर्वाचन क्षेत्रों (नगरपालिकाओं) यथा नगर निगम वर्ग-क एवं वर्ग-ख, नगर परिषद (क+ख श्रेणी कुल) एवं नगर पंचायत को प्रपत्र-2 के भाग-एक (तीनों श्रेणियों के लिए अलग-अलग) में अधिनियम की धारा 27 (2) के अधीन अध्यक्ष/महापौर के पदों में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए राज्य की कुल जनसंख्या के अनुसार एवं पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II के लिए राज्य अन्तर्गत सभी शहरी स्थानीय निकायों की कुल जनसंख्या के अनुसार आरक्षित किए जाने वाले पदों की संख्या की गणना निम्न प्रकार की जाएगीः-

(i) प्रत्येक श्रेणी में पदों की कुल संख्या में अनुसूचित जनजातियों एवं अनुसूचित जातियों के लिए पदों की संख्या राज्य की कुल जनसंख्या में राज्य में इन कोटियों की जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण हेतु निर्धारित की जाएगी।

[1][परंतु यह कि नियम 6 (1) के अधीन सर्वप्रथम अंतिम पूर्ववर्ती जनगणना, जिसके सुसंगत आँकड़े प्रकाशित हो चुके हों, के आधार पर यथास्थिति तीन श्रेणी (नगर निगम वर्ग-क एवं वर्ग-ख, नगर परिषद् एवं नगर पंचायत) के नगरपालिकाओं की कुल जनसंख्या के अनुसार महापौर/अध्यक्ष के पदों में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए, राज्य की कुल जनसंख्या के अनुसार तथा पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II के लिए, राज्य अन्तर्गत सभी शहरी स्थानीय निकायों की कुल जनसंख्या के अनुसार अधिनियम की धारा 27(2) के अधीन इन कोटियों की जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण कर कुल कोटिवार पदों की संख्या निर्धारित की जाएगी। तत्पश्चात् उन नगरपालिकाओं, जिनका निर्वाचन पूर्व में सम्पन्न हो चुका है और उनका कार्यकाल समाप्त नहीं हुआ है, के कोटिवार आरक्षित पदों (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II तथा अन्य) की संख्या को कुल निर्धारित कोटिवार आरक्षित पदों की संख्या में से घटाकर अवशेष नगरपालिका, जिनका निर्वाचन कराया जाना है, में आरक्षण एवं आवंटन की कार्रवाई की जाएगी।]

(ii) अनुसूचित जनजातियों एवं अनुसूचित जातियों के पदों के आरक्षण के पश्चात प्रत्येक श्रेणी में कुल पदों के पचास प्रतिशत की अधिसीमा के अन्तर्गत शेष बचे पदों में पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II को राज्य अन्तर्गत सभी शहरी स्थानीय निकायों में उनकी जनसंख्या के अनुपात में निम्नवत् आरक्षण हेतु अनुमान्य पदों की संख्या निर्धारित की जाएगीः-

(a) अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II के लिए आरक्षण किए जाने की प्रक्रिया में सर्वप्रथम अनुसूचित जनजातियों एवं अनुसूचित जातियों को आरक्षण देने के पश्चात् 50 प्रतिशत की अधिसीमा के अंतर्गत रहते हुए अवशेष पदों में अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II का आरक्षण उनकी जनसंख्या के समानुपात में अवधारित किया जाएगा।

(b) अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति को आरक्षण प्रदान किए जाने के उपरान्त सर्वप्रथम अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I को उनकी जनसंख्या के अनुपात में पचास प्रतिशत की अधिसीमा में अनुमान्य स्थानों की संख्या निर्धारित की जाएगी।

(c) अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I को आरक्षण प्रदान किए जाने के उपरान्त पिछड़ा वर्ग- II को उनकी जनसंख्या के अनुपात में पचास प्रतिशत की अधिसीमा में अनुमान्य स्थानों की संख्या निर्धारित की जाएगी।

(iii)उप नियम (ii) के अन्तर्गत अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्गों के अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II के लिए आरक्षित पदों के पश्चात् शेष बचे पद अन्य कोटि के लिए अवधारित हो जाएंगे।

(ख) निर्वाचन क्षेत्रों (नगरपालिकाओं: श्रेणीवार अलग-अलग) की जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II तथा अन्य की कोटिवार जनसंख्या प्रपत्र-2 के भाग-दो में क्रमवार अंकित की जाएगी।

(ग) तत्पश्चात् प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II तथा अन्य की जनसंख्या के अनुसार प्रपत्र-2 के भाग-तीन में जनसंख्या के अवरोही क्रम में सजाया जाएगा। अवरोही क्रम में सजाने के क्रम में समान अथवा शून्य जनसंख्या वाले निर्वाचन क्षेत्र को क्रमवार सजाया जाएगा।

अधिकतम जनसंख्या वाले निर्वाचन क्षेत्र, प्रपत्र-2 के भाग-एक में निर्धारित की गई अनुमान्य संख्या में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II तथा अन्य के लिए, जैसा भी मामला हो, प्रपत्र-2 के भाग-तीन में आरक्षित एवं आवंटित किए जाएंगे।

(घ) (i) उप नियम (ग) में इस प्रकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग-II के लिये आरक्षित एवं अन्य के लिए अवधारित पदों में से यथाशक्य पचास प्रतिशत किन्तु इससे अनधिक पद अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग अन्तर्गत अत्यंत अत्यंत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II तथा अन्य जैसा भी मामला हो, की महिलाओं के लिए चक्रानुक्रम में आवंटित किए जाएंगे।

(ii) प्रत्येक कोटि की जनसंख्या के अवरोही क्रम में सामान्यतः प्रथम स्थान पर आने वाले एवं उसके बाद चक्रानुक्रम में निर्वाचन क्षेत्र को उस कोटि की महिलाओं के लिए इस प्रकार आवंटित किया जाएगा कि महिलाओं को पचास प्रतिशत से अनधिक पद आरक्षित एवं आवंटित हो जाए।

(ड.) इस प्रकार आरक्षित/अनारक्षित निर्वाचन क्षेत्रों का विवरण प्रपत्र-2 के भाग-चार में तैयार किया जाएगा।

(च) झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के प्रावधानों के अन्तर्गत 50 प्रतिशत की अधिसीमा में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II को पद आवंटित किया जाएगा।

(छ) झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के प्रावधानों के अन्तर्गत सर्वप्रथम 50 प्रतिशत की अधिसीमा में निकाय की पद जनसंख्या के अवरोही क्रम में रखते हुए अनुसूचित जनजाति की अधिकतम जनसंख्या वाले निकाय के पद अनुमान्यता के आलोक में अनुसूचित जनजाति को प्रपत्र-2 के भाग-तीन में आवंटित किया जाएगा।

(ज) अनुसूचित जनजाति को पद आरक्षित किए जाने के पश्चात् 50 प्रतिशत की अधिसीमा में निकाय के पद जनसंख्या के अवरोही क्रम में रखते हुए अनुसूचित जाति की अधिकतम जनसंख्या वाले निकाय के पद अनुमान्यता के आलोक में अनुसूचित जाति को आवंटित किया जाएगा। परंतु यह कि उक्त पद यदि पूर्व में अनुसूचित जनजाति को आवंटित कर दी गई है तो उसे छोड़कर उसके नीचे अधिकतम जनसंख्या वाले निकाय के अनुमान्य पद अनुसूचित जाति को आवंटित किया जाएगा।

(झ) अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति को पद आरक्षित किए जाने के पश्चात् 50 प्रतिशत की अधिसीमा के अन्तर्गत उपर्युक्त नियम-6(1)(क)(ii) के आलोक में परिगणित पद निकाय को जनसंख्या के अवरोही क्रम में रखते हुए अत्यंत पिछड़ा वर्ग-प् की अधिकतम जनसंख्या वाले निकाय की पद अनुमान्यता के आलोक में सर्वप्रथम अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I को आवंटित किया जाएगा। परंतु यह कि उक्त पद यदि पूर्व में अनुसूचित जनजाति अथवा अनुसूचित जाति को आवंटित कर दी गई है तो उसे छोड़कर उसके नीचे अधिकतम जनसंख्या वाले निकाय के अनुमान्य पद अत्यंत पिछड़ा वर्ग- I को आवंटित किया जाएगा।

(ञ) अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I को पद आवंटित किए जाने के पश्चात् 50 प्रतिशत की अधिसीमा के अन्तर्गत उपर्युक्त नियम-6(1)(क)(ii) के अलोक में परिगणित पद निकाय को जनसंख्या के अवरोही क्रम में रखते हुए पिछड़ा वर्ग- II की अधिकतम जनसंख्या वाले निकाय के पद अनुमान्यता के आलोक में पिछड़ा वर्ग- II को आवंटित किया जाएगा। परंतु यह कि उक्त पद यदि पूर्व में अनुसूचित जनजाति अथवा अनुसूचित जाति अथवा अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I को आवंटित कर दी गई है तो उसे छोड़कर उसके नीचे अधिकतम जनसंख्या वाले निकाय के अनुमान्य पद पिछड़ा वर्ग- II को आवंटित किया जाएगा।

(2) अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II तथा अन्य कोटियों में महिलाओं के लिए आरक्षित एवं आवंटित पद अनुवर्ती आम चुनावों में चक्रानुक्रम में आरक्षित/आवंटित किए जाएंगे।

आरक्षण एवं आवंटन में सिद्धान्तः वही प्रक्रिया अपनाई जाएगी जो उपाबद्ध अनुसूची के उदाहरण-2 मार्गदर्शन के लिए अंकित की गई है। (टिप्पणी- उपाबद्ध अनुसूची में उदाहरण-2 देखें।)

(3) नियम-3 के अधीन नगर निगम की दो श्रेणी में यथा-नगर निगम वर्ग-क एवं नगर निगम वर्ग-ख में विभक्त किया गया है। नगर निगम के महापौर पद के आरक्षण किए जाने के उद्देश्य से नगर निगम वर्ग-क एवं नगर निगम वर्ग-ख के लिए आरक्षण के अवधारण की प्रक्रिया सम्मिलित रूप से प्रपत्र-2 के भाग-1 में की जाएगी। पदों के आरक्षण का अवधारण के पश्चात् नगर निगम के दोनों श्रेणी को अलग-अलग मानकर अवरोही क्रम में अलग-अलग आवंटन की कार्रवाई की जाएगी।

इस हेतु आवंटन के क्रम में सर्वप्रथम नगर निगम के लिए अवधारित पदों में नगर निगम वर्ग-क को 50 प्रतिशत की अधिसीमा के अधीन आवंटित की जाएगी। तत्पश्चात् अवशेष बचे पदों को नगर निगम वर्ग-ख में भी 50 प्रतिशत की अधिसीमा

के अधीन अवधारित किया जाएगा। इसके लिए प्रपत्र-2 का भाग-1 दोनों श्रेणी के लिए एक ही होगा। परंतु प्रपत्र-2 का भाग-दो, तीन एवं चार तथा प्रपत्र-3 दोनों श्रेणी के लिए अलग-अलग होगा।

10. अधिसूचना निर्गत होने की तिथि के उपरान्त आगामी प्रथम निर्वाचन हेतु झारखण्ड नगरपालिका (पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों की जनसंख्या का अभिनिश्चय एवं प्रकाशन) नियमावली, 2015 के प्रावधान शिथिल किए जाते हैं।

उक्त निर्वाचन हेतु Dedicated Commission से प्राप्त अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II की जनसंख्या के अंतिम प्रकाशित जनगणना के आंकड़ों से परिशोधन के उपरान्त नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड द्वारा अधिसूचित अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग- II की जनसंख्या अभिनिश्चित की जाएगी।

11. पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग की अनुशंसा तथा झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 (यथा संशोधित) प्रावधानों में भिन्नता की स्थिति स्थिति में नियमावली के प्रावधान प्रभावी होगें।

12. झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 (यथा संशोधित) के उपाबद्ध अनुसूची में उदाहरण-1, प्रपत्र-2, प्रपत्र-3, प्रपत्र-5, प्रपत्र-6, प्रपत्र-7, प्रपत्र-7'क', प्रपत्र-23'क', प्रपत्र-23'ख' एवं उदाहरण-2 को प्रतिस्थापित किया जाता है।

13. कंडिका-7, 8, 9, 10, 11 एवं 12 में वर्णित निर्णय पर राज्य मंत्रिपरिषद् की दिनांक-14.10.2025 को आहूत बैठक में मद संख्या-15 के रूप में स्वीकृति दी गई है।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

(सुनील कुमार),
सरकार के प्रधान सचिव |

अनुसूची

उदाहरण-(1)
प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के गठन एवं आरक्षण के अवधारण की प्रक्रिया
(नियम-3 एवं 5 देखिये)

उदाहरणस्वरूप, किसी नगर परिषद की जनसंख्या 58430 है, नियम 3 के प्रावधानानुसार यथासंभव निकटतम क्रमशः 58430 की जनसंख्या के आधार पर प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की कुल संख्या 23 होगी। नियमानुसार इन 23 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का संख्यांकण नगर परिषद वर्ग 'ख' के उत्तर पश्चिम से प्रारंभ कर दक्षिण पूर्व किया जाएगा जैसा कि उदाहरण स्वरूप नीचे दर्शाया गया है।

उत्तर

पश्चिम



पूरब

दक्षिण

2. अब नगर परिषद वर्ग 'ख' की कुल जनसंख्या को ही उदाहरण मान कर चलें तब उक्त नगर परिषद वर्ग 'ख' (कल्पित नाम-.....) की कुल जनसंख्या में से नियम 5 (क) के अनुसार प्रत्येक कोटि की जनसंख्या और कुल जनसंख्या में उसका अनुपात (प्रतिशत) अवधारित किया जायेगा, यथा-

(क) नगर परिषद धनराज नगर की कुल जनसंख्या -58430
(ख) अनुसूचित जाति की जनसंख्या -5316
(ग) अनुसूचित जाति की जनसंख्या और कुल जनसंख्या की प्रतिशत -9.09
(घ) अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या -8211
(ड.) अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या और कुल जनसंख्या का प्रतिशत -14.05 प्रतिशत
(च) पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या-33215
  (i) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग-प् की जनसंख्या - 23915
  (ii) पिछड़ा वर्ग-प्प् की जनसंख्या - 9300
(छ) पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या और कुल जनसंख्या और कुल जनसंख्या का प्रतिशत -56.84 प्रतिशत
  (i) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग-I की की जनसंख्या और कुल जनसंख्या और कुल जनसंख्या का प्रतिशत – 40.93%
  (ii) पिछड़ा वर्ग- II की जनसंख्या और कुल जनसंख्या और कुल जनसंख्या का प्रतिशत – 15.91%
(ज) अन्य कोटि की जनसंख्या -11688
(झ) अन्य कोटि की जनसंख्या और कुल जनसंख्या का प्रतिशत -20 प्रतिशत

3. अब जनसंख्या के अनुपात यथा प्रतिशत के आधार पर प्रत्येक कोटि के लिए अनुमान्य स्थानों, स्थान की कुल संख्या निर्धारित की जायेगी, यथाः-

(क) अनुसूचित जाति के लिए 23 स्थान का 9.09 प्रतिशत -2.09
(ख) अनुसूचित जनजाति के लिए 23 स्थान का 14.05 प्रतिशत -3.23
(ग) पिछड़ा वर्ग के लिए 23 स्थान का 56.84 प्रतिशत -13.07
  (i) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग- I के लिए 23 स्थान का 40.93 प्रतिशत - 9.41
  (ii) पिछड़ा वर्ग- II के लिए 23 स्थान का 15.91 प्रतिशत - 3.66
(घ) पिछड़ा वर्ग को आवंटन हेतु वास्तविक स्थानों की सं0 -6 स्थान
  (i) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग- I को आवंटन हेतु वास्तविक स्थानों की संख्या- 4
  (ii) पिछड़ा वर्ग- II को आवंटन हेतु वास्तविक स्थानों की संख्या - 2
(ङ) अन्य के लिए 23 स्थान का 50 प्रतिशत- 12 स्थान

प्रपत्र-2

(नियम 5 देखिये)

आरक्षण, कोटिवार जनसंख्या एवं निर्वाचन क्षेत्र-आवंटन पंजी

भाग-एक

शहरी स्थानीय निकाय-

कोटिवार जनसंख्या एवं कोटिवार अनुमान्य पद

राज्य शहरी स्थानीय निकाय की जनसंख्या *नगर निगम वर्ग 'क' एवं 'ख' *नगर परिषद वर्ग 'क' *नगर परिषद वर्ग 'ख' *नगर पंचायत	*नगर निगम 'क' एवं 'ख'-महापौर/वार्ड पार्षद *नगर परिषद वर्ग 'क'-अध्यक्ष/वार्ड पार्षद *नगर परिषद वर्ग 'ख'-अध्यक्ष/वार्ड पार्षद के लिए *नगर पंचायत-अध्यक्ष/वार्ड पार्षद

अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग		अन्य	कुल	कुल स्थान	अनुसूचित जाति के लिए कुल स्थान	अनुसूचित जनजाति के लिए कुल स्थान	पिछड़ा वर्ग के लिए कुल स्थान		अन्य के लिए कुल स्थान
		अ॰पि॰व॰-I	पि॰व॰-II						अ॰पि॰व॰-I	पि॰व॰-II	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
5316	8211	23915	9300	11688	58430	23	2	3	4	2	12

2.(क) राज्य/नगर निगम/नगर परिषद् (क)+नगर परिषद् (ख)/नगर पंचायत की कुल जनसंख्याः -58430
(ख) अनुसूचित जाति की जनसंख्याः-5316
(ग) अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशतः-9.09%
(घ) अनुसूचित जनजाति की जनसंख्याः-8211
(ङ) अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशतः-14.05%
(च) पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या-33215
(i) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग- I की जनसंख्या - 23915
(ii) पिछड़ा वर्ग- II की जनसंख्या- 9300
(छ) पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का प्रतिशत-56.84%
(i) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग-I की जनसंख्या का प्रतिशत– 40.92%
(ii) पिछड़ा वर्ग- II की जनसंख्या का प्रतिशत – 15.91%
